नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 07.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संक्रमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।**

1– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण के साथ–साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वैक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत **आज दिनांक 07.07.2020 को मो0 दिलाजाक, काजीखेल, मोहम्मद जई,शमशानघाट नवादा,गढी गाडीपुरा** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव में विशेष सफाई अभियान कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य :– बीबीजई,झंडा कलां, कटिया टोला, मानूजई, अहमदपुर रेती, दिलाजाक,रामनगर, बृज बिहार कालोनी, आदि में कराया गया।

सहायक ~~नगर~~ आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Generated by CamScanner